# कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

पत्रांक– 2941 /12–1, दिनांकः मसूरी, 06/3 2019।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लो०नि०वि०, थत्यूड़
(टिहरी गढ़वाल)।

विषयः– जनपद–टिहरी गढ़वाल के जौनपुर ब्लाक के अन्तर्गत मसराना–किमोई मोटर मार्ग के निर्माण हेतु (कुल लम्बाई–8.00किमी0) के निर्माण हेतु वांछित 5.3025है0 वन भूमि का वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत् गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।(ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/23731/2017)

सन्दर्भ :– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून द्वारा अपने पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./06/61/2018/एफ.सी./2139, दिनांक 16–01–2019 एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून की पत्र सं0 2096/FP/UK/ROAD/23731/2017 दिनांक 04 फरवरी, 2019

महोदय,

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून द्वारा अपने पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./06/61/2018/एफ.सी./2139, दिनांक 16–01–2019 द्वारा जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून के उक्त सन्दर्भित पत्र (प्रति संलग्न) जो आपको सम्बोधित तथा इस कार्यालय को पृष्ठांकित है का अवलोकन करने का कष्ट करें। भारत सरकार द्वारा जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून के उक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में विषयांकित कार्य हेतु प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा निर्धारित देय धनराशियों का विवरण निम्न प्रकार है:–

| क. सं. | कार्य का विवरण | क्षेत्रफल (है0 में)/पौध | दर | देय धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम किमोई सिविल सोयम भूमि पर प्रतिपूरक /क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो तक रखरखाव। | 10.6050 है0 | 278665.00/है0 | 29,55,242.00 |
| 2. | एन0पी0वी0 | 5.3025 है0 | 8,97,000.00/है0 | 47,56,343.00 |
| | योग :– | | | 77,11,585.00 |

अतः उक्तानुसार आनलाईन चालान जनरेट कर देय धनराशियों के भुगतान हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या 1 व 2 तथा अन्य शर्तो 3, 4 एवं 5 की अनुपालन आख्या मय संलग्नकों सहित आनलाईन करते हुए संगत दस्तावेजों /अनुपालन आख्या की तीन प्रतियां अग्रेतर कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नः–उक्तानुसार।

भवदीया

(कहकशां नसीम)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

पत्रांक 2941 /दिनांकित।

प्रतिलिपि – अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को उक्त सन्दर्भित पत्रों के क्रम में सादर प्रेषित।

(कहकशां नसीम)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।